फा. सं. 12024/01/2020-रा.भा.(का.2)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय
राजभाषा विभाग
***

एनडीसीसी-2 भवन, बी विंग, चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001,
दिनांक :21.07.2020

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय : गृह पत्रिकाओं का ई-पत्रिका के रूप में प्रकाशन।**

राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने और केंद्र सरकार के कार्मिकों को हिंदी में सृजनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करने में हिंदी गृह पत्रिकाओं का विशेष महत्व है। भारत सरकार के लगभग सभी मंत्रालयों/उपक्रमों/बैंकों/संस्थानों आदि द्वारा मुख्यालय/क्षेत्रीय स्तर पर पत्रिकाओं का प्रकाशन तिमाही/छःमाही/वार्षिक आधार पर हार्ड कापी में किया जाता है।

2. सरकार के मितव्यतता संबंधी आदेश तथा डिजिटलीकरण की नीति के अनुसरण में हिंदी गृह पत्रिकाओं को सभी के लिए डिजिटल/ ई-पत्रिका के रूप में उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। इससे न सिर्फ हिंदी पत्रिकाओं के पाठकों की संख्या में वृद्धि होगी बल्कि इंटरनेट पर हिंदी की विषय-वस्तु भी बढ़ेगी ।

3. राजभाषा विभाग द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार वर्ष 2020-2021 के दौरान सभी मंत्रालय, विभाग, बैंक, उपक्रम एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियां ई-पत्रिका भी जारी कर सकते हैं। संस्थान अपनी आवश्यकतानुसार हार्ड कापी भी छपवा सकते हैं। ई-पत्रिका को ई-बुक फार्मेट में (यथासंभव searchable) जारी किया जाए तथा पाठकों द्वारा इसे डाउनलोड करने के लिए pdf में भी उपलब्ध कराया जाए । संस्थानों द्वारा अपनी वैबसाइट पर ई-पत्रिका को अपलोड किया जाए। ई-पत्रिका प्रकाशन के संबंध में निर्धारित मानदंड/विशिष्टताएं निम्नानुसार होंगी :

क) ई-पत्रिका में कम से कम 40 पृष्ठ होने चाहिए । पृष्ठों की संख्या कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या का 80% या इससे अधिक हिंदी में होने पर ही इसे ई-पत्रिका (हिंदी) माना जाएगा ।
ख) ई-पत्रिका के 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2021 की अवधि के दौरान कम से कम 2 अंक प्रकाशित होने चाहिए ।
ग) ई-पत्रिका के प्रकाशन संबंधी सूचना तिमाही प्रगति रिपोर्ट में दर्शाई जाए ।

4. राजभाषा विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट पर “ई-पत्रिका पुस्तकालय” नामक लिंक/टैब बनाया जा रहा है जिस पर सभी ई-पत्रिकाओं को दर्शाया जाएगा। इस लिंक/टैब पर ई-पत्रिका का प्रथम पृष्ठ

(बाहरी आवरण) दिखेगा जिस पर जाते ही Hyperlink के माध्यम से पाठक उस ई-पत्रिका का प्रकाशन करने वाले कार्यालय की वैबसाइट पर अपलोड की गई ई-पत्रिका पढ़ एवं डाउनलोड कर पाएगा।

5. इस पोर्टल हेतु सभी संस्थानों/कार्यालयों द्वारा ई-पत्रिका से संबंधित सूचना, संलग्न मैनुअल/प्रोफॉर्मा अनुसार भरा जाना अपेक्षित होगा। यह सूचना भरने की सुविधा राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर निम्न लिंक में दी गयी है:-

- नराकास की ई-पत्रिका हेतु नराकास सूचना प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत ई-पत्रिका लिंक
- मंत्रालय, विभाग, बैंक, उपक्रम हेतु सूचना प्रबंधन प्रणाली के अंतर्गत ई-पत्रिका लिंक

सभी कार्यालयों/ नराकासों में प्रगति रिपोर्ट भरने हेतु प्राधिकृत अधिकारियों द्वारा अपने लॉगिन के माध्यम से यह सूचना भरी जा सकती है ।

6. भरी गयी सूचना के आधार पर पत्रिकाओं की सूचना ई-पत्रिका पुस्तकालय में दर्शाई जाएगी ।

7. सर्वश्रेष्ठ हिंदी पत्रिकाओं के लिए राजभाषा विभाग द्वारा प्रदान किए जाने वाले राजभाषा गौरव पुरस्कार हेतु ई-पत्रिकाएं भी पात्र होंगी।

संदीप 21/07/20

(संदीप आर्य)
निदेशक(का.)

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :**

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग ।
2. भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक का कार्यालय।
3. भारत निर्वाचन आयोग ।
4. राजभाषा विभाग के क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय - अनुरोध है कि इस कार्यालय ज्ञापन को अपने क्षेत्र में स्थित केंद्र सरकार के सभी कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा केंद्र सरकार के स्वामित्व में आने वाले विश्वविद्यालयों, शैक्षिक एवं प्रशिक्षण संस्थानों व नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों के ध्यान में ला दें ।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक- राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि वे उक्त कार्यालय ज्ञापन को वेबसाइट पर उपलब्ध कराएं।
6. उप सचिव (पत्रिका), राजभाषा विभाग ।

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :**

1. सचिव(राजभाषा) के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव।
2. संयुक्त सचिव(राजभाषा) के निजी सचिव।

**संलग्नक**

# ई-पत्रिका मैनुअल

1. लॉगिन कैसे करें : नराकास कोड तथा पासवर्ड या तिमाही प्रगति रिपोर्ट के user id तथा पासवर्ड से लॉगिन करें (किसी भी नए user id या पासवर्ड की आवश्यकता नहीं है)

2. लॉगिन करने के पश्चात **ई-पत्रिका** लिंक पर क्लिक करें ।

3. निम्नलिखित फील्ड्स में डाटा भरें या सूची के दूसरे कॉलम में दिए गए अपडेट ID पर अपडेट करने के लिए क्लिक करें ।

4. फील्ड्स का विवरण निम्नानुसार है :-

| **फील्ड्** | **विवरण** |
|---|---|
| कार्यालय कोड | [पहले से भरा हुआ] |
| संस्थान/ नराकास का नाम | [पहले से भरा हुआ] |
| वित्त वर्ष | वित्त वर्ष चुनें |
| पत्रिका का नाम | पत्रिका का नाम भरें |
| अंक संख्या | अंक संख्या (वित्तीय वर्ष के दौरान) भरें |
| प्रथम पृष्ठ- .jpg file के रूप में | आवरण पृष्ठ की स्कैन .jpg file फाइल चुनें |
| कुल पृष्ठ | कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या भरें (मुद्रित पृष्ठों की संख्या 40 या 40 से अधिक होना जरूरी है) |
| हिंदी में मुद्रित पृष्ठों की संख्या | हिंदी में मुद्रित पृष्ठों की संख्या भरें (मुद्रित पृष्ठों की संख्या 32 या 32 से अधिक होना जरूरी है) |
| ई-पत्रिका: | ई-पत्रिका Downloadable “है” या “नहीं” चुनें (Non Downloadable पत्रिका की प्रविष्टि नहीं की जा सकेगी) |
| पत्रिका का लिंक (यूआरएल ) | पत्रिका का लिंक (यूआरएल) भरें (https:// या http:// न भरें) |

5. विवरण भरने के बाद अग्रेषित पर क्लिक करें।